तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 17 सितंबर 2025

खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार

4

घरघोड़ा में आदि कर्मयोगी अभियान की गूंज, गांव-गांव पहुंचेगा विकास



## शासन द्वारा हर माह लाखों खर्च करने का दावा फिर भी कुपोषण में नहीं आ रही कमी

# रागी, अंडा बंद! डीएमएफ से पैसा भी नहीं, इसलिए दो साल में कुपोषितों की संख्या 18 हजार के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद सरकार ने कुपोषित बच्चों को डीएमएम देना बंद कर दिया। इतना ही नहीं, बच्चों को रागी और अंडा भी नहीं दिया जा रहा है। इसका सीधा असर ये हो रहा है कि जिले में कुपोषित बच्चों की संख्या दो साल में एकाएक बढ गई। पहले की तुलना में कुपोषण का दर अप्रत्याशित रूप से बढा है। जानकर हैरानी होगी कि जिले में दो साल के भीतर ही कुपोषित बच्चों की संख्या अठारह हजार के पार हो चुकी है। वर्ष 2024 व 2025 में कुल 18 हजार 255 कुपोषित बच्चे मिले हैं। जबकि इन दो सालों में 15 हजार 194 मध्यम व 3 हजार 62 गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान हुई है, इस तरह जिले में कुपोषण का आंकड़ा हर साल बढ़ता ही जा रहा है।

जिले में बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर महिला बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग गंभीर नजर नहीं आ रहा है। जिसके कारण बच्चे कुपोषण का दंश झेलने को मजबूर हो गए हैं। जिले में लगातार कुपोषित बच्चों के मिलने का सिलसिला जारी है, इसके बाद भी शासकीय अमला कोई ठोस कदम उठाता नजर नहीं आ रहा है। शहर के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी तादाद ज्यादा है। वर्ष 2024 में जिले में 12.12 प्रतिशत व वर्ष 2025 में भी 13.31 प्रतिशत बच्चे कुपोषित पाए गए हैं।

ज्ञात हो कि जिले में बच्चों की ऊंचाई और वजन के अनुसार उनमें कुपोषण के स्तर का पता लगाया जाता है। महिला बाल विकास विभाग की मानें तो जिले में 2 हजार 706 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। यहां हर माह 0 से 5 साल के बच्चों का वजन किया जाता है। जबकि साल में एक बार वजन त्योहार मनाया जाता है। जिसके बाद बच्चों को अलग-अलग वर्गों में बांटा जाता है।




### पालकों को होना होगा जागरूक : डीपीओ

इस संबंध में महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी एलआर कच्छप ने कहा कि बच्चों को 5 साल तक नियमित रूप से वजन कराना अनिवार्य है। किसी बच्चे का वजन लगातार तीन माह तक नहीं बढ़ रहा है तो उसको डॉक्टर को दिखाना जरूरी है। इससे बच्चों के पोषण स्तर का ज्ञान होता है, लेकिन अधिकांश पालक बच्चों को वजन कराने के लिए आंगनबाड़ी नहीं लाते हैं, जिससे उनके कुपोषण होने या नहीं होने का पता नहीं चल पाता। उन्होंने आगे कहा कि आंगनबाड़ी से मिलने वाला रेडी टू ईट को बच्चों को 6 बार करके खिलाने में ही फायदा है, लेकिन पालक बच्चों को ज्यादा मात्रा में रेडी टू ईट को दे देते हैं जिससे बच्चे उसे खा नहीं पाते और उसे खुद पालक खा जाते हैं, इस तरह बच्चों के पोषण आहार पर डंडी मारा जा रहा है।

### इस साल जिले में ऐसी है कुपोषित बच्चों की संख्या

| ब्लॉक | मध्यम कुपोषित | गंभीर कुपोषित | कुल कुपोषित |
|---|---|---|---|
| घरघोड़ा | 579 | 128 | 707 |
| तमनार | 830 | 196 | 1026 |
| रायगढ़ (r) | 780 | 126 | 906 |
| रायगढ़ (u) | 532 | 112 | 644 |
| पुसौर | 701 | 147 | 848 |
| धरमजय. | 1134 | 236 | 1370 |
| लैलूंगा | 786 | 203 | 989 |
| खरसिया | 1043 | 170 | 1213 |
| कापू | 915 | 190 | 1105 |
| मुकडेगा | 631 | 118 | 749 |
| टोटल | 7931 | 1626 | 9557 |

### पोषण पुनर्वास केन्द्र में लटके हैं ताले

शहर के मातृ शिशु हॉस्पिटल (एमसीएच) में पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) बनाया गया है। जहां 10 बच्चों को रखने की क्षमता है। यहां बच्चों को गंभीर हालत में भर्ती कराया जाता है। जिस तरह बच्चे कुपोषण के शिकार हो रहे हैं उनके लिए और बेड की आवश्यकता पड़ती है। सूत्रों की मानें तो ऐसी स्थिति होने पर यहां अलग से बेड लगाए जाते हैं। इस तरह बच्चों के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। वर्तमान में एनएचएम का हड़ताल होने से एनआरसी मे ताले लटके हुए हैं। जिससे ऐसे बच्चों को न तो इलाज हो पा रहा है और न ही उन्हें पोषण आहार मिल पा रहा है।

### केंद्रों में नहीं हो रहा स्वास्थ्य परीक्षण

सूत्रों की मानें तो बच्चों का प्रति मंगलवार को स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से नहीं हो रहा है। इन्हें विटामिन की गोलियां भी नहीं दी जा रही हैं। बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में जाते हैं, लेकिन वहां उन्हें न तो ठीक से खाना मिलता है और न ही कभी दवा आदि दी जाती है। कुछ बच्चों के अभिभावकों ने बताया कि उनके बच्चे को आज तक एक गोली नहीं मिली है। आंगनबाड़ी केंद्र एक-दो घंटे खुलने के बाद बंद हो जाते हैं। कार्यकर्ता एवं सहायिका इन केंद्रों पर ताला लगा देती हैं। सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीण अंचलों के आंगनबाड़ी केंद्रों में देखने को मिलती है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट के दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने ग्राम बोईरडीह नवापाली में हुई मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला 4 सितंबर की शाम का है, जब गांव के सूरज सिदार और साहिल यादव ने पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही युवक पुरुषोत्तम पटेल को गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी थी। शिकायत पर थाना चक्रधरनगर में अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था। आरोपियों की मारपीट से आहत पुरुषोत्तम पटेल की कलाई पर सूरज सिदार ने दांत से काट लिया था, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने लगातार तलाश कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### 20 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने मंगलवार को ग्राम कसडोल में अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई करते हुए महुआ शराब जब्त की है। थाना प्रभारी निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कसडोल निवासी रामेश्वर साहू अपने घर में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम गवाहों के साथ मौके पर पहुंची तो कुछ लोग पुलिस को देख भाग खड़े हुए। मौके पर मिले घर मालिक ने अपना नाम रामेश्वर साहू पिता स्व. हलधर साहू उम्र 59 वर्ष निवासी बस्तीपारा कसडोल बताया। तलाशी के दौरान रामेश्वर साहू ने स्वीकार किया कि वह अवैध रूप से शराब बेचता है।

### जिले में 1242 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 16 सितम्बर तक 1242 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 25.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1448 मिली मीटर, पुसौर में 1309.2, खरसिया में 1154.7, घरघोड़ा में 1244.9, तमनार में 989.7, लैलूंगा में 1071.5, मुकडेगा में 1453.3, धरमजयगढ़ में 1001, छाल में 1171.5 एवं कापू में 1575.9 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### डॉ. प्रियंका होंगी शिकायत समिति की अध्यक्ष

**रायगढ।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कार्यालयीन आदेश जारी करते हुए अपर कलेक्टर डॉ. प्रियंका वर्मा को कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीडऩ निवारण हेतु गठित आंतरिक शिकायत समिति की अध्यक्ष नियुक्त किया है। महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित मार्गदर्शी सिद्धांतों एवं उच्च न्यायालय के आदेश के तहत यह समिति गठित की गई है। पूर्व में उक्त गठित समिति के अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चन्द्रा को बनाया गया था चूंकि उनका जिले से अन्यत्र स्थानांतरण हो जाने के कारण उनके स्थान पर अपर कलेक्टर डॉ प्रियंका वर्मा को आंतरिक शिकायत समिति के अध्यक्ष के रूप में नामांकित किया गया है।

### दीपिका इस्पात शिक्षा सदन में हिंदी दिवस का पालन

**राउरकेला।** राष्ट्रभाषा प्रचार एवं विकास संस्थान, राउरकेला के तत्वावधान में सेक्टर-18 स्थित दीपिका इस्पात शिक्षा सदन में हिंदी दिवस का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है"। उन्होंने हिंदी के महत्व और इसके संवर्धन पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, ओडिशी और संबलपुरी नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। प्रतियोगिता विजेताओं को प्रमाणपत्र और स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया। समारोह का समापन मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण से हुआ।

### एनटीपीसी ने स्कूलों में बांटे जूते, पानी की बोतल

**रायगढ़।** सामुदायिक विकास और शैक्षिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के तहत एनटीपीसी लारा ने सरकारी स्कूल, महलोई में एक विशेष वितरण अभियान का आयोजन किया जिसका उद्देश्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक यात्रा में सहयोग और प्रेरणा देना था। इस कार्यक्रम के दौरान, छात्रों को स्कूल के जूते, पानी की बोतलें और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की पुस्तकें वितरित की गईं। यह पहल एनटीपीसी लारा के व्यापक लक्ष्य का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आसपास के समुदायों के बच्चों में शैक्षिक समानता को बढ़ावा देना और समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है। यह कार्यक्रम रविशंकर मुख्य महाप्रबंधक परियोजनाएँ, एनटीपीसी लारा और जाकिर खान सहकारी महाप्रबंधक मानव संसाधन, एनटीपीसी लारा की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिन्होंने छात्रों के साथ गर्मजोशी से बातचीत की और उत्साहवर्धक शब्द कहे। स्कूल के शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लियाए जो कृतज्ञता और हर्षोल्लास से भरा था। इस अवसर पर बोलते हुए रविशंकर ने शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रों को आवश्यक संसाधनों तक पहुंच प्रदान करने में एनटीपीसी के निरंतर प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा बच्चे भविष्य हैं और उन्हें सही संसाधन और प्रोत्साहन प्रदान करना हमारी ज़िम्मेदारी है।

## छेड़छाड़ व आबकारी एक्ट का फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

छेड़छाड एवं आबकारी एक्ट के तहत फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। मामला मालखरौदा थाना अंतर्गत ग्राम पिहरीद का है।

इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 जुलाई को पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई की 25 जुलाई को प्रार्थिया अपने घर अंदर सोयी थी, दरवाजा बंद नहीं था तभी आरोपी चंद्रभूषण चंद्रा घर अंदर घुस कर जबरदस्ती छेड़छाड़ करने लगा। इस दौरान उसके चिल्लाने पर आरोपी भागने लगा और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर उपरोक्त अपराध धारा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। परिपालन में आरोपी की गिरफ्तारी हेतु हर संभव प्रयास किया जा रहा था , मुकबिर लगाया गया था की आरोपी अपने घर में आ कर छुपा है। आरोपी के घर ग्राम सिंघरा जाकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़े जिसे पूछताछ करने पर उपरोक्त अपराध धारा घटित करना स्वीकार किया। बताया जाता है कि पूर्व में वह शराब बेचने के अपराध में कायम किया गया था। जिस पर आरोपी को 15 सितंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।



### महिलाओं को स्व रोजगार से जोड़ने दिया जा रहा प्रशिक्षण

**जांजगीर-चांपा।** धनुहार समाज की महिलाओं को स्व रोजगार की मुख्य धारा से जोड़ने पुलिस कप्तान द्वारा प्रशिक्षण कार्य से जोड़ा गया है, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर हो सके। ज्ञात हो कि सोमवार 15 सितंबर को पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय की पहल पर अकलतरा क्षेत्र के ग्राम चंगोरी में धनुहार समाज के महिलाओं को बिहान योजनाओं के तहत जुड़वाकर, कृषि विज्ञान केंद्र में स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों महिला कमांडो व अकलतरा पुलिस के द्वारा धनुहार समाज के महिलाओं के खेतों भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया था। इसी के तहत अवैध कच्ची महुआ शराब बनाने की राह को छोड़ने एवं स्वावलंबन की राह अपनाने के लिए महिलाओं को साबुन, डिटर्जेंट, अगरबती बनाने एवं मत्स्य पालन की प्रशिक्षण कराया गया है। पुलिस द्वारा सबरिया समाज के अलावा धनुहार समाज के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने और स्वावलंबी बनाने की दिशा में प्रयास भी किए जा रहे हैं।

## कांग्रेस के वोट अधिकार यात्रा में हजारों की भीड़

### सचिन पायलट ने संभाली रायगढ़ में कमान, केंद्र सरकार पर निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को रायगढ़ में वोट चोर.गद्दी छोड़ हस्ताक्षर यात्रा की शुरुआत की। इस भीड़ मे हजारों को संख्या में लोग शामिल हुए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता को यह संदेश देना है कि वर्तमान समय में लोकतांत्रिक प्रक्रिया और चुनाव की पारदर्शिता पर खतरा मंडरा रहा है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि विपक्षी दल सत्ता के दुरुपयोग और प्रशासनिक तंत्र पर पकड़ बनाकर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर रहे हैं।

इस यात्रा की शुरुआत बिहार से की गई थीए जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जनता के सामने वोट चोरी के मुद्दे को उठाया था। अब यही अभियान देशभर में फैल रहा है और छत्तीसगढ़ में इसकी औपचारिक शुरुआत जो गई है। इस हस्ताक्षर यात्रा में कांग्रेस के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। इनमें राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलटए छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, खरसिया विधायक और पूर्व मंत्री उमेश पटेल, तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज प्रमुख रहे। सभी नेताओं ने सभा को संबोधित करते हुए जनता से अपील की कि वे लोकतंत्र को बचाने और वोट चोरी के खिलाफ खड़े होने के लिए एकजुट हों।



### अन्य नेताओं ने भी केंद्र सरकार को घेरा

उमेश पटेल ने कहा कि हस्ताक्षर यात्रा एक प्रतीक हैए जिसके जरिए जनता की राय को दर्ज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से जमा होने वाले हस्ताक्षर दिल्ली जाकर चुनाव आयोग को दिखाए जायेंगे ताकि जनता की आवाज सीधे उच्च स्तर तक पहुंचे। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जिस तरह राहुल गांधी ने वोट चोरी का मुद्दा उठाया था, उसी तरह छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस इसे बड़ा आंदोलन बनाने जा रही है। छत्तीसगढ़ की जनता हमेशा से लोकतंत्र के पक्ष में खड़ी रही है। आज जरूरत है कि हर नागरिक इस यात्रा का हिस्सा बने और लोकतंत्र को बचाने में योगदान दे।

### लोकतंत्र में चुनाव की प्रक्रिया को कमजोर करने का आरोप

सभा को संबोधित करते हुए सचिन पायलट ने केंद्र सरकार और विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव सबसे बड़ी ताकत हैए लेकिन आज इस प्रक्रिया को ही कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के अधीन लगाए गए सीसीटीवी कैमरे भी असल तस्वीरें दिखाने में नाकाम हैं। क्योंकि वे पूरी तरह से सरकार के आदेश पर काम कर रहे हैं। अगर कल हमें कोर्ट जाना पड़े तो हमारे पास पुख्ता सबूत ही नहीं होंगे। सत्ता पक्ष ने चुनावी प्रक्रिया को अपनी मुट्ठी में कर लिया है।

## जोगीडीपा में नशीली इंजेक्शन बेचने वाली महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोमवार की रात कोतवाली पुलिस ने नशीली इंजेक्शन की अवैध बिक्री पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके घर से नशीली इंजेक्शन पेंटाजोसिन के छह नग और बिक्री की रकम जब्त की है।

दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जोगीडीपा पुलिया के पास रहने वाली रुकसार सारथी नामक महिला अपने घर में नशीली इंजेक्शन बुट्रम रखकर बेच रही है। मौके पर इंजेक्शन खरीदने आने-जाने वाले युवकों की हलचल भी देखी गई थी। कोतवाली की टीम ने महिला के घर पर दबिश दी। तलाशी के दौरान घर से सफेद कागज में लिपटा हुआ नशीली इंजेक्शन पेंटाजोसिन के छह नग, जिसकी कीमत लगभग 1200 रुपये और बिक्री की रकम 600 रुपये जब्त की गई। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसे यह इंजेक्शन इंदिरा नगर रायगढ़ का एक व्यक्ति सौ रुपये प्रति नग की दर पर घर पर पहुंचाकर देता है, जिसे वह दो सौ रुपये में बेचती है। पुलिस ने बिना लाइसेंस अवैध रूप से नशीली इंजेक्शन बेचने वाली आरोपी रुकसार सारथी पति यशवंत सारथी 24 वर्ष निवासी जोगीडीपा रायगढ़ के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।





## रेलवे स्टेशन की पार्किंग बनी परेशानी का सबब

**राउरकेला।** रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर पार्किंग व्यवस्था यात्रियों के लिए मुसीबत बन गई है। हालिया टेंडर के बाद से स्टैंड प्रबंधन पर मनमानी वसूली, दुर्व्यवहार और अव्यवस्था के आरोप लग रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि पिक एंड ड्रॉप की सुविधा मान्य नहीं है और सीमांकन क्षेत्र से बाहर भी पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है। बताया गया कि यह पूरे जोन की सबसे महंगी पार्किंग है। रघुनाथपाली विधायक द्वारा हस्तक्षेप और रेलवे अधिकारियों तक शिकायत पहुंचने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। हाल ही में बहस के दौरान पार्किंग गेट गिरने से एक व्यक्ति घायल भी हुआ, लेकिन स्थिति जस की तस है। यात्रियों ने रेलवे प्रशासन की उदासीनता पर नाराजगी जताई है।

### पुसौर थाना क्षेत्र की घटना, कोर्ट ने आरोपी को अर्थदंड से भी किया दंडित

## थप्पड़ मारने पर फटा कान का पर्दा, 10 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी रंजिश में एक युवक के कनपटी पर हमला करने से उसके कान का पर्दा फट गया। सत्र न्यायाधीश, पीठासीन अधिकारी जितेन्द्र कुमार जैन की आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई है, वहीं अर्थदंड से भी दंडित किया है। शासन की ओर से मामले की पैरवी लोक अभियोजक पीएन गुप्ता ने की है।

दरअसल पुसौर के ग्राम सुपा निवासी नरेश कुमार अग्रवाल के घर के थोड़ी दूरी पर आरोपी मधुसुदन बरेठ पिता प्रेम कुमार बरेठ का मकान है, जोकि अकेला रहता है। करीब 6 माह पूर्व आरोपी प्रार्थी के दुकान के पीछे गोदाम तरफ रात में घुम रहा था तब प्रार्थी आरोपी को गोदाम तरफ क्या कर रहे हो कहकर डांटा था साथ ही गोदाम तरफ कभी मत आना कहा था। इस बात को लेकर आरोपी प्रार्थी से दुश्मनी रखता था। 11 मई 2025 को प्रार्थी सुबह करीब 8 बजे अपने दुकान के सामने कार से उतरा उसी समय आरोपी प्रार्थी के पास अचानक आकर प्रार्थी के दाहिने कनपटी में जोर से दो थप्पड़ मारकर वहां से चला गया। आरोपी द्वारा प्रार्थी के कान में थप्पड़ मारने से कान सुन्न हो गया और कुछ सुनाई नहीं देने लगा। प्रार्थी के द्वारा उक्त घटना की सूचना थाना पुसौर में दिया गया। प्रार्थी का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। प्रार्थी का ऑडियोलॉजिकल इवेल्युएशन कराया गया, चिकित्सक से क्वेरी कराया गया। चिकित्सक द्वारा प्रार्थी के दाहिने कान में स्थायी रुप से सुनने की शक्ति खत्म हो जाना लेख किया गया। ऐसे में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस मामले में कोर्ट ने आरोपी को 10 साल की सजा सुनाई है।



### साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया

**राउरकेला।** सेक्टर-7 थाना पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह बैंक खातों और मोबाइल सिम के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग कर रहा था। यह गिरोह स्थानीय लोगों के नाम पर म्यूल बैंक अकाउंट खोलकर उन्हें देशभर के साइबर अपराधियों को बेचता था। गिरफ्तार आरोपियों में राहुल कुमार राय (30), केपी शुभम (27), अभिजीत नायक (22), रोहितोष कोईला उर्फ सोनू (24) और अजीत मुंडा (26) शामिल हैं। इनके पास से पांच मोबाइल और दस्तावेज बरामद हुए हैं। डीएसपी जोगेश्वर पांडा ने बताया कि बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत और अन्य राज्यों से कनेक्शन की जांच की जा रही है। जब्त मोबाइल की फॉरेंसिक जांच से कई राज खुलने की संभावना है।

### श्रम विभाग ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में रजत जयंती महोत्सव सप्ताह के अवसर पर श्रम विभाग द्वारा के.एस. के. जे.एस. डब्ल्यू महानदी पावर प्लांट अकलतरा में श्रम वीर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि शिविर में कुल 288 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान श्रमिकों को उनके स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आवश्यक परामर्श दिया गया तथा आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस दौरान श्रमिकों को स्वास्थ्य जागरूकता तथा विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

